## प्रारुप–33

परियोजना विवरण :– जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र चकराता के विकासखण्ड कालसी मे बबडीधार लोहन बैण्ड से बाघना तक मोटर मार्ग का र्निमाण हेतु हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव । (लम्बाई 9.500 किमी0)

<u>भू–वैज्ञानिक की आख्या</u>

(प्रस्तावित स्थल की भू–वैज्ञानिक द्वारा निर्गत अद्यतन निरीक्षण आख्या प्राप्त कर संलग्न की जाय।)

संलग्न है।

ह0/–
(भू–वैज्ञानिक)
नाम व मुहर सहित

Scanned with OKEN Scanner

# जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र चकराता के विकासखण्ड कालसी मे बबडीधार लोहन बैण्ड से बाघना मोटर मार्ग के विस्तार के समरेखण पर भूवैज्ञानिक निरीक्षण 7.500 कि0मी0

**रिर्पोट सन्दर्भः–** अस्थाई खण्ड लोक निर्माण विभाग, साहिया के अधीन बबडीधार लोहन बैण्ड से बाघना मोटर मार्ग का निर्माण किया जाना है, प्रदेश की सलाहकार एजेन्सी, टैक्नीकल कन्सलटैन्सी सर्विसेज, 14--सी अरावली एन्क्लेव, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून के लिये अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रस्तावित सड़क का भूवैज्ञानिक दृष्टिकोण से निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान टी0सी0एस0 के साईट प्रतिनिधि श्री सूरज जोशी भी उपस्थित थे।

जनपद देहरादून के कालसी विकासखण्ड के बबडीधार लोहन बैण्ड से बाघना को जोड़ने हेतु दो समरेखणों पर विचार किया गया था, दोनो समरेखणो का तकनीकी एवं आर्थिक मूल्यांकन करने पर समरेखण–1 (मानचित्र संलग्न) को उपयुक्त पाया गया है। समरेखण 1 के साथ ज्यादातर ग्रामवासी/समुदाय भी सहमत है। समरेखण 1 जो कि बाघना से प्रारम्भ होता है समरेखण में नौ (09) हेयर पिन बैण्ड प्रस्तावित है तथा 7.500 कि0मी चलकर ब्यारी पर समाप्त होता है।

समरेखन सिविल सोयम भूमि तथा नाप भुमि सें होकर गुजरता है। नाप भूमि में पहाड़ी ढलान सामान्यतः $20^0$ से $30^0$ के मध्य तथा सिविल भूमि में $60^0$ तक प्रतीत होता है। समरेखन क्षेत्र में सिविल भूमि में कहीं--कहीं चट्टान दृष्टिगोचर है,जबकि शेष भाग में मिटटी/डेब्री का ओवरबर्डन है। स्थल निरीक्षण के दिन समरेखन क्षेत्र में प्रथम दृष्टया कोई अस्थिरता दृष्टिगोचर नहीं हुई। स्थानीय चट्टान की स्ट्रेन्थ का अनुमान 50 से 200 MPa व अवसाधन न्यूनतम W0 से W1 ग्रेड का पाया जाता है। सामान्यतः 3 व कहीं कही पर 4 से 5 सेट ऑफ डिसकन्ट्यूनिटी पेटर्न भी पाया जाता है कहीं–कहीं पर न्यून स्तर पर भू–क्षरण भी देखने में आया है जो कि उचित ड्रेनेज देकर आसानी से रोका जा सकता है क्षेत्र के प्रमुख हेजर्ट्स में भूकम्प, भू--क्षरण एवं इन दोनों प्रमुख हेजर्ट्स से सम्बन्धित मल्टीपल हेजर्ट्स है।

## समरेखण उपयुक्तता स्टेटमेन्ट

उपरोक्त भू–वैज्ञानिक तथ्यों एवं समुदाय की आवश्यकता को देखते हुये, समरेखण 1, प्रस्तावित ल0 किमी0 7.500, बबडीधार लोहन बैण्ड से बाघना मोटर मार्ग के विस्तार, संलग्न मानचित्रानुसार, विकासखण्ड– कालसी, जनपद देहरादून को Conditionally Feasible है, बशर्ते अगले पैराग्राफ में दी गयी सलाहों का सड़क निर्माण में ध्यान दिया जाये। (समरेखण, संलग्न मैप में अंकित)

Scanned with OKEN Scanner

(85)

प्रमुख सलाहें

1. मोटर रोड हाफ कट एवं हाफ फिल टैक्निक, यदि जोन ज्यादा संवेदनशील होने पर बनाया जा सकता है, लेकिन फिलिंग मैटीरियल की मजबूती की तरफ ध्यान देना आवश्यक है।
2. हिल साईड में ड्रेन को extra wide बनाना चाहिये, जिससे कि अपहिल साईड से आने वाला पानी रोड पर और down side the slope/wall of the road पर ना आ सकें।
3. वर्षा के पानी का local springs discharge water के समुचित निकासी हेतु रोड साइड ड्रेन स्कपर, कॉजवे, कल्वर्ट आदि का निर्माण किया जाय।
4. हेयर पिन बैण्डों को मानकों के अनुसार proper drainage arriangement व प्रोपर सुरक्षा दीवार के अनुसार बनाया जाय।
5. क्षेत्र की भूकम्पीय स्थिति को ध्यान रखते हुये construction plan तैयार किया जाय।
6. हिमालय की प्राकृतिक आपदाओं व पर्यावरण के प्रति संवेदनशीनता को देखते हुये शैल कटान के वक्त जहाँ आपश्यक हो नियन्त्रित ब्लास्टिंग की जाय। अन्यथा मैनुअली कटिंग की जाय।
7. कटिंग के दौरान निकले हुए मैटीरियल को पूर्व निर्धारित dumping yard में डालना चाहिये, लोवर स्लोप में फेंकने से भूक्षरण की समस्या उत्पन्न हो सकती है। (Muck disposal plan होना चाहिये)।
8. जहाँ तक सम्भव हो बी0आई0एस0 के Hill area development के कोड का अनुपालन किया जाना चाहिए।
9. उपरोक्त के अतिरिक्त आई0आर0सी0 / आई0एस0कोड0 में जो हिमालय मे सडक निर्माण के लिये मापदण्ड निर्धारित किये गये है, को भी संज्ञान मे लिया जा सकता है।

टिप्पणीः—भुमि हस्तान्तरण की दृष्टि से समरेखन क्षेत्र में किये गये निरीक्षण एवं उपलब्ध विवरण के आधार पर यह एक जनरलाइज्ड आख्या है। समरेखन / मार्ग पर किसी विशिष्ट बिन्दु पर सुझाव की आवश्यकता होने पर अलग से अवगत कराया जाये।

H. Kumar
(हर्ष कुमार)
वरिष्ठ भू-वैज्ञानिक (लो0नि0)
लो0नि0वि0, देहरादून

Scanned with OKEN Scanner